nt>

Title: Need to take action on the kidnapping of two children in Samastipur District, Bihar.

डॉ. सी.पी.ठाकुर (पटना): सभापति जी, बिहार के समस्तीपुर जिले में दो बच्चों के अपहरण का प्रश्न है। इसमें एक व्यवसायी पुत्र का अपहरण हुआ और एक वकील के बच्चे का अपहरण हुआ। वह एक महीने से नहीं मिला और उस वजह से वहां सारे वकील हड़ताल पर हैं। वहां एक महीने तक कोर्ट बन्द रही। बिहार की सरकार तो कुछ नहीं कर सकी, अब यहां केन्द्रीय सरकार से यह निवेदन है कि ये दोनों बच्चों कैसे मिलेंगे और बिहार में जो अपहरण का व्यापार चल रहा है, यह कब बन्द होगा, यह केन्द्रीय सरकार सुनिश्चित करे।